प्रेषक,

प्रधानाचार्य
राजकीय पालीटेक्निक,
लखीमपुर–खीरी।

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0,
विकास नगर कानपुर।

पत्रांक 204 /स्था0–बजट/2022–23 दिनांक : 05 : मई–2022

महोदय,

कृपया सादर अवगत कराना है कि ए0आई0सी0टी0ई0 कमियों के निस्तारण हेतु निम्नानुसार बजट की आवश्यकता है। अतः आपसे अनुरोध है कि ए0आई0सी0टी0ई0 की कमियों को पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार बजट की धनराशि का आवंटन करने की कृपा करें। जिससे ए0आई0सी0टी0ई0 की कमियों का निस्तारण किया जा सकें :–

क0सं0		धनराशि	टिप्पणी
1	Adminstrative Area/ Amenities Area/ Existing Programme/ Any other deficiency in Building	0	––
2	Equipments for different Laboratory	7000000.00	इक्यूपमेन्ट फॉर डिफरेन्ट लैबोरेटरी हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 में जिला योजना से भी मॉग की गयी है।
3	Computational Facilities	8960000.00	––
4	Library Facilities	150000.00	––
5	Other Facilities	––	––
	1– रैन वाटर हार्वेस्टिंग	311200.00	संस्था के पत्र सं0 1413/स्था0 रै0वा0हार्वे0 /2021 –22 दिनांक 24.01.2022 के द्वारा धनराशि की मॉग की जा चुकी है। **(छायाप्रति संलग्न)**
	2– अग्निशमन	1181000.00	संस्था के पत्र सं0 1396/भवन–अग्निशमन /2021–22 दिनांक 20.01.2022 के द्वारा धनराशि की मॉग की जा चुकी है। **(छायाप्रति संलग्न)**
	कुल योग–	**1492200.00**	

भवदीय,

(पद्मेश पंकज)
प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक
O/C लखीमपुर–खीरी।

Scanned by TapScanner

ई–मेल

प्रेषक,

प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
लखीमपुर–खीरी।

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,उ0प्र0,
विकास नगर,कानपुर।

पत्रॉक: 1413 / रू0टा0रे0वा0हार्वे0 / 2021–22 दिनॉक : 24 जनवरी–2022

विषय– **शासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु धराशि की मॉग विषयक।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि ए0आई0सी0टी0ई0 की कमियों को पूर्ण करने हेतु संस्था भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उक्त कार्य हेतु जनपद खीरी के नामित नोडल अधिकारी सहायक अभियन्ता लघु सिचाई के द्वारा रू0 1,55,600.00 (रू0 एक लाख पचपन हजार छः सौ मात्र) का आगणन तैयार कर प्रेषित किया है। आगणन की छाया प्रति आपके अवलोकनार्थ संलग्न कर प्रेषित है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि कृपया ए0आई0सी0टी0ई0 की कमियों के निराकरण हेतु 02 रूफटाफ रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण हेतु **रू0 3,11,200.00 (रू0 तीन लाख ग्यारह हजार दो सौ मात्र)** की धनराशि संस्था को उपलब्ध करने की कृपा करें। यदि उक्त धनराशि का आवंटन सम्भव न हो तो कृपया संदर्भित कार्य छात्रनिधि मद से कराये जाने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करे। जिससे ए0आई0सी0टी0ई0 की कमियों का निराकरण किया जा सके और शासन के आदेशों का अनुपालन किया जा सके।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(पदमेश पंकज)
प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
लखीमपुर–खीरी।

पृ0सं0: 1414-15 / रू0टा0रे0वा0हार्वे0 / 2021–22 दिनॉक : 24 जनवरी–2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– मुख्य विकास अधिकारी खीरी।
2– सहायक अभियन्ता (ल0सि0),विकास भवन,लखीमपुर–खीरी।

(पदमेश पंकज)
प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
लखीमपुर–खीरी।

Scanned by TapScanner

प्रेषक,

ई–मेल / पंजीकृत

प्रधानाचार्य
राजकीय पालीटेक्निक
लखीमपुर–खीरी।

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0,
कानपुर।

पत्रांक 1396 / भवन–अग्निशमन / 2020–21 दिनांक : 20 : जनवरी–2021

विषय– **राजकीय पालीटेक्निक लखीमपुर–खीरी के भवनों में अग्निशमन के दृष्टिगत समुचित प्रबन्ध किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर के पत्रांक सं0 34045–211 / ई–ए0आई0सी0टी0ई0 / डिफिसिएन्सी / 2020–21 दिनांक 27.11.2020 को जिसमें ए0आई0सी0टी0ई0 अनुमोदन प्राप्त करने हेतु संस्था स्तर से पूर्ण की जाने वाली कमियों को 03 माह के अन्दर निस्तारण करने के लिये निर्देशित किया गया है तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद खीरी के पत्र सं0 एफएस / अ0सु0व्य0 / निर्देश–6 / 20 दिनांक 24.08.2020 के द्वारा भी संस्था के भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

उपरोक्त पत्र के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि संस्था के पत्र सं0 874 / भवन–अग्निशमन / 2021–22 दिनांक 05 अक्टूबर–2021 एवं 1174 / भवन–अग्निशमन / 2020–21 दिनांक 28 जनवरी 2021 का अवलोकन करने की कृपा करें। **(छायाप्रति संलग्न)** साथ ही यह भी अवगत कराना है कि राजकीय निर्माण एजेन्सी कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता यू0पी0आर0एन0एस0एस0 मुख्यालय प्रखण्ड–प्रथम लखनऊ से उपरोक्त विषयानुसार कार्य का विस्तृत आगणन रू0 11.81 लाख का तैयार कराकर दो प्रतियों में पूर्व में प्रेषित किया गया था। परन्तु अभी तक उक्त धनराशि का आवंटन हेतु कोई सूचना नही प्राप्त हुई है।

उक्त के सम्बन्ध मे महोदय से पुनः अनुरोध है कि अग्निशमन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए संस्था को उक्त धनराशि **रू0 11.81 लाख** आवंटित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि इंगित कमियों का निराकरण करते हुए अग्निशमन अधिकारी, लखीमपुर–खीरी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकें तथा ए0आई0सी0टी0ई0 की कमियों का भी निराकरण किया जा सकें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(पद्मेश पंकज)
प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक
लखीमपुर–खीरी।

Scanned by TapScanner